PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Jagran, Delhi
Wed, 16 Aug 2017, Page 11
Width: 17.10 cms, Height: 11.45 cms, a4, Ref: 19.2017-08-16.117

देशभक्ति के रंग में रंगा रहा समूचा राष्ट्र

नई दिल्ली, प्रेट्र : 71वें स्वतंत्रता दिवस पर पूरा देश देशभक्ति में रंगा रहा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में आजादी के इस दिवस को अनेकता में एकता की भावना से मनाया गया। इस मौके पर सभी राज्यों के सीएम ने तिरंगा फहराया। साथ ही राज्य के विकास कार्यक्रमों के बारे बताया। आने वाली चुनौतियों से लड़ने की बात की।

उत्तर प्रदेश में ध्वजारोहण के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ भारत मिशन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बीमारियों से होने वाली मौतों को रोकने के लिए जरूरी है कि देश और राज्य से गंदगी को खदेड़ दिया जाए। उन्होंने इस मौके पर कहा कि यह बहुत दुखद है कि आजादी से 70 साल बाद भी इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी से बच्चों की मौत हो रही है।

उत्तराखंड में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से समारोहपूर्वक मनाया गया।

लखनऊ में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के बाद सैल्यूट करते उप्र के सीएम योगी ● प्रेट्र

राजधानी देहरादून के परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ध्वजारोहण किया।

पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार कर्ज माफी की योजना एक महीने में लागू कर देगी। गुजरात के सीएम विजय रूपाणी इस मौके पर छोटे उद्योगों के लिए दस इंडस्ट्रियल इस्टेट और मछुआरों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की।

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य किसानों के कर्ज मुक्त बनाना है। वहीं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि सरकार का मकसद राज्य को 2022 तक भ्रष्टाचार और गरीबी से मुक्त करना है। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि बाढ़ की स्थिति को लेकर सरकार गंभीर है। उन्होंने कहा कि राज्य के खजाने पर पहला हक बाढ़ प्रभावितों का है। इसके अलावा बंगाल, कर्नाटक, असम, त्रिपुरा, ओडिशा, मिजोरम, गोवा, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। वहीं ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक की स्वतंत्रता समारोह के दौरान तबीयत खराब हो गई।